**श्री महेन्द्र कुमार, सचिव, खेल विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में खेलो इंडिया योजनान्तर्गत अवसंरचना निर्माण की प्रगति के संबंध में दिनांक–31.12.2025 (बुधवार) को पूर्वाह्न 10.30 बजे बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के साथ आयोजित बैठक की कार्यवाहीः–**

## उपस्थिति

1. श्री आरिफ अहसन, निदेशक, खेल विभाग, पटना।
2. श्री राजन कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, खेल विभाग।
3. श्री सचिन दयाल, कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड, पटना।
4. श्री अजय कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
5. श्री दिग्गज कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग।
6. सुश्री हेमा कुमारी, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग।

## कार्यवाही

सर्वप्रथम सचिव महोदय द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों का स्वागत किया गया तदोपरांत बैठक की कार्यवाही शुरू किया गया।

कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड, पटना द्वारा बताया गया कि पत्र के आलोक में चिन्हित विद्यालय के जीर्णोद्धार कार्य हेतु प्राक्कलन तैयार कर अग्रेत्तर कार्रवाई करायी जा रही है।

सचिव महोदय द्वारा कार्यपालक अभियंता से पृच्छा की गई की राशि का व्यय शिक्षा विभाग या खेल विभाग से किया जायेगा। इस पर कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि उच्चस्तीय निर्णय अपेक्षित है। सचिव महोदय द्वारा अविलम्ब प्राक्कलन तैयार कर कार्रवाई का निदेश दिया गया।

कार्यपालक अभियंता बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड, पटना द्वारा बताया गया कि खेलो इंडिया आधारभूत संरचना के अन्तर्गत जयप्रकाश

विश्वविद्यालय, छपरा में निर्मित सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक विश्वविद्यालय द्वारा हस्तगत नहीं लिया जा रहा है।

सचिव महोदय द्वारा निदेश दिया गया कि संबंधित पदाधिकारी को विभाग के स्तर से एक पत्र भेजी जाय, जिसमें अविलम्ब निर्मित सिंथेटिक ट्रैक को हस्तगत लेने का अनुरोध किया जाय।

**उपर्युक्त के संबंध में अगली बैठक दिनांक–07.01.2026 (बुधवार) को पूर्वाह्न 10:30 बजे निर्धारित किया जाता है।**

6/1/2026

(महेन्द्र कुमार)

सचिव।

ज्ञापांक–...78.....                                   पटना,        दिनांक 07.1. / 2026

प्रतिलिपिः– निदेशक, खेल विभाग/ संयुक्त सचिव, खेल विभाग/ विशेष कार्य पदाधिकारी, खेल विभाग/कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड, पटना/ संबंधित अवर सचिव/सहायक निदेशक (क्रीड़ा/युवा/योजना)/ संबंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/आई०टी० मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/1/2026

सचिव।